## सैनिकों को फोन पर मिलेगी सेवा संबंधी जानकारी

**लखनऊ।** सेना मेडिकल कोर के जवानों व जेसीओ के लिए स्मार्ट इंफारमेशन एक्सचेंज के तहत शुक्रवार को आईवीआरएस योजना शुरू की गई।

योजना का शुभारम्भ मध्य कमांड रक्षा लेखा महानियंत्रक कार्यालय के सभागार में मेडिकल कोर के कमांडेंट ले.जनरल वी. रवि शंकर ने किया।

योजना के तहत सेना मेडिकल कोर के जवानों को पहली बार फोन नम्बर (0522-2480221,22,23) पर फोन करना होगा। फिर अपना आर्मी नम्बर व जन्मतिथि डयल करना होगा।

दोनों मैच करते ही चार नम्बरों का कोड मिलेगा। इस से भविष्य में कभी फोन नंबर डायल करने के बाद कोड नम्बर डायल करने पर उसे वेतन, पैन कार्ड नम्बर, लीव इन कैश की जानकारी मिलनी शुरू हो जाएगी। रिटायर होने के बाद भी जवान को यह सुविधा मिलती रहेगी।


## कार्यालय जिला पंचायत श्रावस्ती

पत्रांक- 219 / रा0वि0आ0/जि0पं0/2015-16 | **निविदा सूचना** | दिनांक 22 जुलाई, 2015

जिला पंचायत श्रावस्ती के वर्ष 2015-16 हेतु पंजीकृत ठेकेदारों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि जिला पंचायत, श्रावस्ती के राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत स्वीकृत निर्माण कार्यों हेतु निविदा दि0 **14-08-2015** को समय सांय 2.30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र दि0 **13-08-2015** को प्रातः 10.30 बजे से सायं 2.00 बजे तक निर्धारित निविदा मूल्य जमा कर कार्यालय जिला पंचायत श्रावस्ती से क्रय किए जा सकते हैं। दिनांक **14-08-2015** को समय 3.00 बजे निविदायें ठेकेदारों की उपस्थिति में अधिकृत समिति द्वारा खोली जाएगी। विस्तृत जानकारी कार्यालय से की जा सकती है। उक्त विज्ञप्ति वेबसाइट www.shravasti.nic.in पर भी उपलब्ध है। परियोजनाओं का विवरण निम्नवत् हैं:-

| क्र. सं. | विकास खण्ड | परियोजना का नाम | स्वीकृत लागत (रु0 में) | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य +(वैट) | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत चकवा के भयापुरवा में जंगल सीमा से शिवकुमार सिंह के घर तक सोलिंग कार्य। | 150000 | 3000 | 200 | 1 माह |
| 2. | सिरसिया | ग्राम गेहुआ भारी में दो अदद पुलिया निर्माण। | 800000 | 16000 | 750 | 3 माह |
| 3. | सिरसिया | ग्राम पंचायत जानकी नगर में प्रतापअली पुरवा सम्पर्क मार्ग से जानकी नगर तक सोलिंग कार्य। | 700000 | 14000 | 750 | 1 माह |
| 4. | सिरसिया | ग्राम पंचायत जानकी नगर के मजरा प्रतापअली पुरवा में पक्की सड़क से प्रताप अली पुरवा गॉव तक खड़न्जा कार्य। | 300000 | 6000 | 500 | 1 माह |
| 5. | सिरसिया | ग्राम पंचायत दुर्गापुर तराई में संजय कुमार द्विवेदी के घर से सिरसिया लक्ष्मनपुर मार्ग तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 2 माह |
| 6. | सिरसिया | ग्राम पंचायत सोनौढ़ा तराई में राम लौटन के घर से शंकर जी के स्थान तक व मोती लाला यादव के घर से राम फोरन के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 700000 | 14000 | 750 | 2 माह |
| 7. | सिरसिया | ग्राम पंचायत अग्गा पुर में किचन वर्मा के घर से मधई दर्जी के घर तक सोलिंग कार्य। | 300000 | 6000 | 500 | 1 माह |
| 8. | इकौना | ग्राम पंचायत टंडवा महन्थ में सीताद्वार-इकौना मार्ग से टेदीराम यादव के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 1 माह |
| 9. | सिरसिया | ग्राम पंचायत संग्राम गंज के मजरा बनकटवा में खेलावन के घर से राजाराम के खेत व जमुना के घर से पक्की सड़क तक सोलिंग कार्य 300मी0/ इण्टर लाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 2 माह |
| 10. | सिरसिया | ग्राम पंचायत संग्राम गंज में वल्दी डीह पक्की सड़क से मस्जिद तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 600000 | 12000 | 750 | 1 माह |
| 11. | सिरसिया | ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर बाजार में नाली निर्माण। | 1000000 | 20000 | 750 | 1 माह |
| 12. | सिरसिया | ग्राम पंचायत जोखवा बाजार में नाली निर्माण । | 1000000 | 20000 | 750 | 1 माह |
| 13. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत चकवा में ब्रम्ह बाबा स्थान पर रैन बसेरा व इण्टर लाकिंग कार्य। | 800000 | 16000 | 750 | 3 माह |
| 14. | सिरसिया | ग्राम पंचायत अग्गा पुर के मजरा कुकुर भुकवा में इण्टर लाकिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 15. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत लक्ष्मनपुर ईटवरिया के मजरा बनघुसरा से जंगल सीमा तक सोलिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 16. | सिरसिया | ग्राम पंचायत पिपरी हरजन बस्ती में इण्टर लाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 1 माह |
| 17. | सिरसिया | ग्राम पंचायत रामपुर देवमन में प्रघटनाथ मन्दिर परिसर में इण्टर लाकिंग कार्य। | 300000 | 6000 | 500 | 1 माह |
| 18. | सिरसिया | ग्राम पंचायत अहलादनगर टिटिहिरिया के मजरा मनेहार पुरवा में इण्टर लाकिंग कार्य। | 800000 | 16000 | 750 | 2 माह |
| 19. | जमुनहा | ग्राम बन्थरा में सलीम के घर से नहर तक खड़न्जा कार्य। | 800000 | 16000 | 750 | 1 माह |
| 20. | हरिहरपुर रानी | ग्राम रेहली कब्रिस्तान के सामने एक अदद पुलिया निर्माण। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 21. | जमुनहा | ग्राम लौकिहा में डामर रोड से बरसाती लाल के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 3 माह |
| 22. | सिरसिया | ग्राम पंचायत घोघवा कला के मजरा मेढकिया में राम हेत गौतम के घर से ग्राम के उत्तर काली मन्दिर होते हुए इण्टर लाकिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 23. | सिरसिया | ग्राम पंचायत घोघवा कला के बजरा बेचईपुरवा में शान्ती देवी के घर से पुसई यादव के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 24. | सिरसिया | ग्राम पंचायत घोघवा कला के मजरा मेढकिया में मेन रोड लक्ष्मनपुर मार्ग से दुर्गा प्रसाद वर्मा के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 25. | जमुनहा | ग्राम रमवापुर में खड़न्जा से गोबरे के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 26. | जमुनहा | ग्राम पंचायत महादेव नासिरगंज के ग्राम इमलिया गॉव में इण्टर लाकिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 27. | गिलौला | ग्राम पंचायत ककन्धू में बेन रोड से सावित राम यादव के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 300000 | 6000 | 500 | 1 माह |
| 28. | गिलौला | ग्राम पंचायत उत्तमपुर के निरहा में इण्टर लाकिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 29. | सिरसिया | प्रधानमंत्री रोड से अखिलेश यादव के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 30. | हरिहरपुर रानी | पी0डब्लू0डी0 रोड से बिरई पुरवा तक अवशेष इण्टर लाकिंग कार्य। | 800000 | 16000 | 750 | 1 माह |
| 31. | सिरसिया | ग्राम चौधरी डीह मुख्य मार्ग से ग्राम टंगपसरी के चिर्रीपुर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 800000 | 16000 | 750 | 1 माह |
| 32. | गिलौला | ग्राम खैरा कला में काशी विश्वनाथ इण्टर कालेज से मुख्य मार्ग तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 1 माह |
| 33. | हरिहरपुर रानी | भंगहा बाजार में कब्रस्तान की अवशेष बाउण्ड्रीवाल निर्माण। | 250000 | 5000 | 500 | 2 माह |
| 34. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत भंगहा के मजरा रसूलपुर में शेर अली बाबू के घर से आशा राम के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 250000 | 5000 | 500 | 1 माह |
| 35. | जमुनहा | ग्राम डाडे कुइयां में नसीर पुरवा डामर रोड से डियूहगन के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 1 माह |
| 36. | जमुनहा | ग्राम बरगदहा के टेपरी में इण्टर लाकिंग कार्य। | 600000 | 12000 | 750 | 1 माह |
| 37. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत सेमरी चकपिहानी के मजरा जोतवा में निरहू तेली के घर से पूरब कच्ची सड़क तक सोलिंग कार्य। | 150000 | 3000 | 200 | 1 माह |
| 38. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत परशुराम पुर में धरखन यादव के घर के उत्तर कच्ची सड़क तक सोलिंग कार्य। | 150000 | 3000 | 200 | 1 माह |
| 39. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत खर्च में ग्राम जोगनी में बलदेव पासी के घर से प्रधान मंत्री सड़क तक सोलिंग कार्य। | 150000 | 3000 | 200 | 1 माह |
| 40. | इकौना | ग्राम पंचायत विशनापुर के मजरा पहलावन पुरवा में वीरपुर रोड से मस्जिद तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 800000 | 16000 | 750 | 1 माह |
| 41. | जमुनहा | ग्रा0पं0 बेगमपुर के मजरा छेदा गॉव में मलंग बाबा के मजार से प्राथमिक विद्यालय तक सोलिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 42. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत रामपुर जब्दी में लालबहादुर के घर से घुरे बढ़ई के घर तक व घुरे बढ़ई के घर से रफीक शेख के घर तक नाली व इण्टर लाकिंग कार्य। | 1000000 | 20000 | 750 | 2 माह |
| 43. | जमुनहा | ग्रा0पं0 बालापुर रेतैहिया में पी0डब्लू0डी रोड से पवन कुमार बी0डी0सी0 के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 44. | हरिहरपुर रानी | ग्राम पंचायत पतिझिया के मजरा लट्डापुरवा में पक्की रोड से मन्दिर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 800000 | 16000 | 750 | 1 माह |
| 45. | जमुनहा | ग्राम ऐठा में तिलक राम के घर से राम चन्दर के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 46. | हरिहरपुर रानी | ग्रा0पं0 चकवा के चमारनपुरवा में इण्टर लाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 1 माह |
| 47. | सिरसिया | ग्राम खपरीपुर में सड़क से काली मन्दिर तक खड़न्जा निर्माण। | 500000 | 10000 | 500 | 1 माह |
| 48. | इकौना | ग्राम खरगौरा गॉव में पक्की सड़क से आसुतोष मिश्रा के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 400000 | 8000 | 500 | 1 माह |
| 49. | हरिहरपुर रानी | खरगौरा मोड स्थित जिला पंचायत की भूमि पर 2 अदद दुकान एवं बाउण्ड्रीवाल का निर्माण। | 600000 | 12000 | 750 | 3 माह |
| 50. | इकौना | ग्राम मुरावनपुरवा में नाली निर्माण | 300000 | 6000 | 500 | 1 माह |
| 51. | इकौना | कृपाराम के घर से रामेश्वर प्रसाद के घर तक सोलिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 52. | इकौना | प्राइमरी स्कूल के बगल गली में मिट्टी पटाई एवं सोलिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 53. | इकौना | ग्राम कौवापुर में तिराहे से बॉसकोठी तक सोलिंग कार्य। | 300000 | 6000 | 500 | 1 माह |
| 54. | इकौना | ग्राम चयपुरवा में बनियनपुरवा सं0 मार्ग से गॉव तक अवशेष सोलिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 55. | इकौना | ग्राम राजापुर में नाली निर्माण कार्य। | 100000 | 2000 | 200 | 1 माह |
| 56. | इकौना | ग्रा0पं0 नरपतपुर के मजरा तिरक्षा में पक्की सड़क से हाजी अतीक के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 150000 | 3000 | 200 | 1 माह |
| 57. | इकौना | ग्रा0पं0 नरपतपुर में पक्की सड़क से मस्जिद तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 150000 | 3000 | 200 | 1 माह |
| 58. | गिलौला | ग्राम राजापुर में डामर रोड से चुन्नू के घर होते हुए चैतू अनुसूचित जाति के घर तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 600000 | 12000 | 750 | 1 माह |
| 59. | हरिहरपुर रानी | कार्यालय जिला पंचायत से नवनिर्मित कार्यालय जिला उद्योग केन्द्र तक खड़न्जा/पुलिया निर्माण। | 600000 | 12000 | 750 | 2 माह |
| 60. | हरिहरपुर रानी | ग्राम चकवा में मुन्नन सिंन के घर से जंगल सीमा तक इण्टर लाकिंग कार्य। | 200000 | 4000 | 200 | 1 माह |
| 61. | सिरसिया | गुलरा में जिला पंचायत की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण। | 600000 | 12000 | 750 | 3 माह |
| 62. | सिरसिया | लक्ष्मनपुर बाजार में जिला पंचायत कॉजी हाउस की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण। | 500000 | 10000 | 500 | 3 माह |
| 63. | सिरसिया | ताल बघौड़ा में जिला पंचायत की भूमि पर बाउण्ड्रीवाल निर्माण। | 500000 | 10000 | 500 | 3 माह |
| 64. | हरिहरपुर रानी | कार्यालय जिला पंचायत में गार्डरूम, काउकैचर, जनरेटर रूम आदि निर्माण। | 1000000 | 20000 | 750 | 3 माह |
| 65. | हरिहरपुर रानी | लो0नि0वि0 मार्ग पर परसा डेहरिया से अली नगर धर्मनगर नाले तक लेपन अनुरक्षण कार्य। | 1000000 | 20000 | 750 | 4 माह |
| 66. | सिरसिया | बेचईपुरवा से मेढ़किया मार्ग तक लेपन अनुरक्षण कार्य। | 2400000 | 48000 | 3000 | 4 माह |
| 67. | हरिहरपुर रानी | हरिहरपुर मोड़ से भिनुहनी तक लेपन अनुरक्षण कार्य। | 1000000 | 20000 | 750 | 4 माह |
| 68. | जमुनहा | कटेहला हसनापुर मार्ग से ग्राम कथरामाफी में प्राइमरी स्कूल तक लेपन अनुरक्षण कार्य। | 900000 | 18000 | 750 | 4 माह |
| 69. | इकौना | ग्राम तिलकपुर में जू0हा0स्कूल से अमवा मार्ग पर लेपन अनुरक्षण कार्य। | 1200000 | 24000 | 1000 | 4 माह |
| 70. | जमुनहा | लक्ष्मनपुर पक्की सड़क से रामपुर बगिया होते हुए फकीर चक सं0 मार्ग तक लेपन अनुरक्षण कार्य। | 1700000 | 34000 | 2000 | 4 माह |
| 71. | इकौना | बीरपुर चौराहा से केशवापुर पूरे मंशाराम तक लेपन अनुरक्षण कार्य। | 1000000 | 20000 | 750 | 4 माह |
| 72. | सिरसिया | लक्ष्मनपुर जोखवा मार्ग से सातों पेड़ मार्ग पर लेपन अनुरक्षण। | 400000 | 8000 | 500 | 4 माह |
| 73. | गिलौला | मोहरनिया भिठिया से केशवापुर-छोटकीदूब मार्ग पर लेपन अनुरक्षण। | 400000 | 8000 | 500 | 4 माह |
| 74. | इकौना | ग्रामसभा चिचड़ी में पक्की सड़क से जू0हा0स्कूल होते हुए इकौना सेमगढ़ा माग। क अनुरक्षण कार्य। | 1000000 | 20000 | 750 | 4 माह |
| 75. | सिरसिया | सिरसिया इकौना मार्ग पर गोपालपुर चौराहे से बेनीडिहवा सं0 मार्ग पर लेपन अनुरक्षण कार्य। | 2000000 | 40000 | 200 | 4 माह |
| 76. | इकौना | ग्राम सेमरी तरहर में समसूरत वर्मा के घर से अम्बिका तिवारी के घर के पास तक खड़न्जा कार्य। | 80000 | 1600 | 200 | 4 माह |

**नियम व शर्तें-**

1. प्रत्येक निविदा के साथ उपर्युक्त बयाने की रकम जो एन0एस0सी0/ के0वी0सी/ एफ0डी0आर0 के रूप में होगी जो अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत श्रावस्ती के पक्ष में बंधक होगी, संलग्न करना अनिवार्य होगाँ बगैर बयाने की रकम की निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा एवं एकल/ सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जाऐगी।
2. निविदा स्वीकार करने का अधिकार अध्यक्ष, जिला पंचायत श्रावस्ती में निहित होगा।
3. उपरोक्तानुसार उल्लिखित रू0 10.00 लाख से अधिक की परियोजनाओं की तकनीकी स्वीकृति शासन स्तर से प्राप्त होने के उपरान्त अनुबन्ध आदि की कार्यवाही की जायेगी।
4. अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय जिला पंचायत में किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

**अभियन्ता** जिला पंचायत, श्रावस्ती

**अपर मुख्य अधिकारी** जिला पंचायत, श्रावस्ती


# हक के लिए कर्मचारियों ने दिखाए तेवर

## आंदोलन की तैयारी में जुटे राज्य कर्मचारी

**संपर्क शुरू**

लखनऊ | वरिष्ठ संवाददाता

केन्द्रीय कर्मचारियों की तरह समस्त भत्ते दिलाने, पुरानी पेंशन व्यवस्था बहाल करने, रिक्त पदों पर नियुक्ति करने, कैशलैस चिकित्सा व्यवस्था लागू कराने जैसी मांगों को मनवाने के लिए आंदोलन की तैयारी में राज्यकर्मी जुट गए हैं।

राजधानी में गुरुवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के बैनर तले एकीकृत कर्मचारियों की महारैली का असर देखने को मिला रहा है।

आईईटी कर्मचारी एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजेश साहू ने शुक्रवार को कर्मचारियों से सम्पर्क किया।

दो अक्तूबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों या फिर गांधी प्रतिभा के सामने मौन प्रदर्शन में जुटने के लिए कर्मचारी नेताओं ने घूम-घूम कर प्रचार किया।

अर्थ एवं संख्या अधीनस्थ सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि तय किया गया है कि 23 नवम्बर को रेलवे का चक्काजाम किया जाएगा और 14-15 दिसम्बर को दो दिन की हड़ताल होगी।

मांगों के नहीं माने जाने पर 23 फरवरी 2016 से पूर्णकालिक हड़ताल की योजना भी है।

## बिजली कर्मी 27 को करेंगे प्रदर्शन

**लखनऊ।** बिजली संविदा कर्मियों की समस्याओं को लेकर 27 जुलाई को उप्र राज्य विद्युत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ लक्ष्मण मेला मैदान में प्रदर्शन करेगा।

प्रदेश अध्यक्ष रामपाल मिश्रा ने शुक्रवार को कहा कि 16 अप्रैल को संगठन व प्रबंध निदेशक के मध्य लिखित समझौता हुआ था। कहा था कि प्रत्येक कर्मचारी को न्यूनतम वेतन के हिसाब से चेक के माध्यम से भुगतान किया जाएगा।

इसके अलावा ईपीएफ कटौती का पैसा कर्मचारियों को खुद जमा कराने पर सहमति बनी थी। दो माह का समय लिया था। लेकिन स्थिति जस की तस है।

उन्होंने कहा कि पावर कॉरपोरेशन टुकड़ों में भर्तियां निकालकर पूर्व से सेवा कर रहे कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाना चाह रहा है।

## कर्मचारियों ने दिया आंदोलन का नोटिस

**आवास विकास**

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

मिनिस्ट्रीरियल स्टाफ एसोसिएशन उप्र आवास विकास परिषद ने इंजीनियरों को अर्जन विभाग में तैनात किए जाने पर आन्दोलन की चेतावनी दी है। इसके लिए आवास आयुक्त को नोटिस दे दी है।

कर्मचारियों के आन्दोलन में उतरने के बाद इंजीनियरों व कर्मचारियों में टकराव की आशंका है। इंजीनियर पहले से ही अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

भूमि अर्जन विभाग में तैनाती देने सहित कई मांगों को लेकर परिषद के इंजीनियर 1 जुलाई से आन्दोलन कर रहे हैं। जबकि कर्मचारी संगठन इंजीनियरों को अर्जन विभाग में तैनात करने का विरोध कर रहे हैं।

कर्मचारियों ने गुरुवार को आवास आयुक्त को चेतावनी भरा पत्र लिखा है। संघ के महासचिव राजेश दुबे ने कहा कि अगर अर्जन विभाग में इंजीनियरों की तैनाती की गई तो परिषद का कामकाज ठप करा दिया जाएगा।

संगठन ने आवास आयुक्त को लिखे पत्र में अर्जन विभाग में राजस्व के अफसरों की तैनाती की मांग की है। संगठन का कहना है तहसीलदार, नायब तहसीलदार तथा कानूनगो तैनात हों। इंजीनियरों को काम न दिया जाए।

## पेंशन फंड में सरकार नहीं दे पाई अंशदान

लखनऊ | विशेष संवाददाता

प्रदेश सरकार राज्य कर्मचारियों के पेंशन फंड में अपना पूरा योगदान नहीं कर पा रही है। यह हाल पिछले पांच सालों से है।

अपना अंशदान जमा करने में लेट लतीफी से सरकार पर आर्थिक बोझ बाद में खासा बढ़ जाएगा। यही नहीं, फंड में पूरा पैसा न आने से कर्मचारियों की पेंशन का ठीक से हिसाब- किताब करना भी मुश्किल होगा। अभी सरकार को कुल 553.83 करोड़ रुपए जमा करना होगा।

प्रदेश के महालेखाकार ने यह सवाल वित्त विभाग के अफसरों के सामने उठाया तो पता चला कि सरकार ने पूरा अंशदान नहीं किया है। शुरुआत में तो बहुत कम अंशदान किया गया। पेंशन अधिकारियों ने माना कि 2005 से 2012 के बीच कर्मचारियों द्वारा जमा की गई धनराशि के बराबर का अंशदान सरकार की ओर से 411.31 करोड़ रुपए जमा किया जाना है। अंशदान अब जमा कराने की तैयारी है। साल 2012 से सरकार अंशदान सीधे कोषागार में जमा कराती है। अब सरकार महालेखाकार से मिले ब्यौरे के आधार पर देखेगी कि कितना अंशदान सरकार को करना है?

असल में नई पेंशन स्कीम में आने वाले सभी राज्य कर्मियों को अपने वेतन व महंगाई भत्ते का दस प्रतिशत रकम पेंशन फंड के लिए कटानी होती है। इतनी ही रकम सरकार को अंशदान के रूप में उसके पेंशन खाते में जमा करानी होती है। पेंशन रकम का भुगतान रिटायरमेंट पर होना है, इसलिए अधिकारी मामले में उतनी तत्परता नहीं दिखाते। सूत्रों के मुताबिक अंशदान जमा करने की देरी से आगे हिसाब गड़बड़ाने की आशंका है।

| वित्तीय वर्ष | कर्मियों का योगदान | सरकार का अंशदान |
|---|---|---|
| 2010-11 | 160.41 | 4.28 |
| 2011-12 | 245.98 | 3.44 |
| 2012-13 | 393.81 | 30.97 |
| 2013- 14 | 489.57 | 282.34 |
| 2014-15 | 605.35 | 505.22 |

(अंशदान करोड़ रुपये में)

## शिक्षक भी पेंशन मामले में केंद्र व राज्य कर्मचारियों के साथ

**लखनऊ।** माध्यमिक शिक्षक संघ पुरानी पेंशन के मामले में केन्द्र व राज्य कर्मचारियों के साथ है।

माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश प्रवक्ता डा महेन्द्र नाथ राय ने कहा है कि 2 सितम्बर को केन्द्रीय व राजकीय कर्मचारियों की कलम बंद हड़ताल में संघ भी शामिल होगा। शिक्षक संघ अगस्त से आंदोलन की शुरुआत करेगा। 16 अगस्त को संघ बैठक कर बड़े आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।


## लालजी अध्यक्ष और कृष्णपाल महासचिव

**लखनऊ।** चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ मूल्यांकन प्रभाग के द्विवार्षिक अधिवेशन और चुनाव में सर्वसम्मति से लालजी प्रसाद को प्रदेश अध्यक्ष और कृष्णपाल सिंह को महासचिव मनोनीत किया गया।

देवेन्द्र नाथ को संरक्षक चुना गया। प्रदेश उपाध्यक्ष पुष्पा रावत, शरीफ अहमद को बनाया गया। उपसचिव लाला राम और कोषाध्यक्ष शीशपाल सिंह रावत को चुना गया। कार्यकारिणी सदस्यों में लक्ष्मी नारायण, चंद्र सिंह मेहरा, राजकुमार, राम लखन सिंह, विजय कुमार हैं।

## चिड़ियाघर कर्मचारियों की दशा कैसे सुधरेगी

**मेरी बात**



गंगादीन

मैं यह दावे के साथ कह सकता हूं कि लखनऊ चिड़ियाघर का कमाई के मामले में कोई सानी नहीं है। टिकट की बिक्री से ही हर साल छह करोड़ की कमाई हो रही है इसके बावजूद चिड़ियाघर को खून-पसीने की मेहनत से गुलजार रखने वाले कर्मचारियों की दशा बहुत ही दयनीय है। इसकी वजह चिड़ियाघर में पदों की नियुक्ति व नियमितीकरण का नियम-कायदा न होना है। अफसरों के करीबी तो तिकड़म से नियमित हो गए लेकिन कई कर्मी बीस साल से नियमित होने की राह देख रहे हैं। चिड़ियाघर में कई पद खाली हैं। लेकिन नई नियुक्ति नहीं हो रही हैं। जो संविदाकर्मी हैं उन्हें नियमित नहीं किया जा रहा है। कर्मचारियों का वेतन कम है। जर्जर आवास की छतें बारिश में टपकती हैं। मरम्मत की अपील पर अफसर कह देते हैं दिक्कत है तो खाली कर दो। जानमाल की कोई गारंटी नहीं है। यहां कर्मियों पर अक्सर पशु जानलेवा हमला कर देते हैं। इसके बावजूद न उनका दुर्घटना बीमा कराया जाता है और न ही कोई मेडिकल क्लेम मिलता है। कर्मचारी की अकस्मात मौत की दशा में परिवार की सामाजिक सुरक्षा का कोई प्रावधान नहीं है। कर्मचारियों के मेडिकल चेकअप की सुविधा नहीं है। सिर्फ कीपर्स का मेडिकल होता है। चिड़ियाघर की अनियमितताओं के खिलाफ आवाज उठाने वालों को नौकरी से हटाने की धमकी दे दी जाती है।

**(लेखक लखनऊ चिड़ियाघर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष हैं।)**

## परिवहन विभाग में 6 अफसरों को नई तैनाती

**लखनऊ।** परिवहन विभाग में प्रोन्नति पाए 6 अफसरों को नई तैनाती दी है।

श्रीकृष्ण सिंह को अपर परिवहन आयुक्त (सड़क सुरक्षा) से विशेष सचिव परिवहन विभाग के पद पर नियुक्त किया गया है।

विभाग के प्रमुख सचिव कुमार अरविन्द सिंह देव ने बताया कि डा.राजेन्द्र प्रसाद को अपर परिवहन आयुक्त से उ.प्र.राज्य परिवहन अपीलीय प्राधिकारी, राम कृपाल उपाध्याय को उप परिवहन आयुक्त से अपर परिवहन आयुक्त पश्चिम क्षेत्र मुख्यालय मेरठ तथा विजय कुमार सिंह को उप परिवहन आयुक्त से अपर परिवहन आयुक्त मध्य क्षेत्र मुख्यालय कानपुर के पद पर नियुक्त किया गया है।

विनय कुमार सिंह को उप परिवहन आयुक्त से अपर परिवहन आयुक्त पूर्व क्षेत्र मुख्यालय लखनऊ तथा गंगाफल को उप परिवहन आयुक्त से अपर परिवहन आयुक्त मुख्यालय लखनऊ के पद पर प्रोन्नति देकर नई तैनाती दी गई है।


## पूर्वोत्तर रेलवे — खुली निविदा सूचना सं. मु0 प्र0 अ0/नि0/37/2015

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर द्वारा निम्न लिखित कार्यों हेतु मुहरबन्द खुली निविदायें आमंत्रित करते है। निविदा प्रपत्र मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर-273012 या उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ या उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण/प्रर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर या उप मुख्य इन्जीनियर/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी के कार्यालय में **दिनांक 26.08.2015** को **14.30** तक प्राप्त की जायेगी। निविदादाता निविदा प्रपत्र को मुहरबन्द लिफाफे में जिस पर कार्य का नाम अंकित हो पंजीकृत डाक द्वारा भी भेज सकते है। **या** निविदादाता निविदा प्रपत्र उपरोक्त कार्यालय में स्थित विशेष आवंटित निविदा बाक्स में डाल सकते है। निविदादाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष सभी चारों जगहों पर जैसे कि गोरखपुर में आवंटित बाक्स सं0-1, लखनऊ, इज्जतनगर और वाराणसी में निविदा बाक्स **दिनांक 26.08.2015** को **10.00 बजे** मुहरबन्द किया जायेगा एवं उसी तिथि को **14.30 बजे** निविदा बाक्स को बन्द कर दिया जाएगा। लखनऊ इज्जतनगर और वाराणसी में निविदा बाक्स **15.00 बजे दिनांक 26.08.2015** को खोला जायेगा तथा उसमें प्राप्त सभी मुहरबन्द निविदा प्रपत्र गोरखपुर लाए जॉएगें। गोरखपुर में निविदा बाक्स **दिनांक 27.08.2015** को लखनऊ, इज्जतनगर एवं वाराणसी से प्राप्त निविदा प्रपत्रों के साथ **15.00 बजे** उसी दिन यानि **दिनांक 27.08.2017** को खोला जाएगा। निविदा प्रपत्र **दिनांक 25.08.2015** को **13.00 बजे** के उपरान्त नही बेचा जायेगा। निविदादाता का कर्तव्य है कि निविदा प्रपत्र केवल विशेष आवंटित बाक्स में ही डाले।

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (₹) | बयाना राशि (₹) |
|---|---|---|
| (1) पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में औड़िहार-मण्डुवाडीह दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत कादीपुर-सारनाथ खण्ड (भाग-I) में प्राइवेट खदान डाला/बिल्ली परिक्षेत्र से आर.डी.एस.ओ-जून-2004 के अद्यतन शुद्धि पत्र के अनुसार 50 मिमी0 आकार का मशीन द्वारा तोड़ी गई गिट्टी के भाग-I के लिए आपूर्ति एवं चट्टा लगाने का कार्य। **मात्रा- 13750 घ0मी0** | ₹ 2,42,82,500/- | ₹ 2,71,420/- |
| | निविदा फार्म का मूल्य : ₹ 10,000/- | |
| | स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 04 (चार) माह | |
| (2) पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में औड़िहार-मण्डुवाडीह दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत कादीपुर-सारनाथ खण्ड (भाग-II) में प्राइवेट खदान डाला/बिल्ली परिक्षेत्र से आर.डी.एस.ओ-जून-2004 के अद्यतन शुद्धि पत्र के अनुसार 50 मिमी0 आकार का मशीन द्वारा तोड़ी गई गिट्टी के भाग-II के लिए आपूर्ति एवं चट्टा लगाने का कार्य। **मात्रा- 13750 घ0मी0** | ₹ 2,42,82,500/- | ₹ 2,71,420/- |
| | निविदा फार्म का मूल्य : ₹ 10,000/- | |
| | स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 04 (चार) माह | |
| (3) पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल में राजातालाब, हरदत्तपुर स्टेशन यार्ड में स्टैण्डर्ड-III कार्य के अन्तर्गत ट्रैक लिंकिंग, प्वाइंट एवं क्रासिंग एवं अन्य विविध कार्य तथा (राजातालाब, कछवारोड, जंगीगंज, सैदाबाद) परियोजना के अन्तर्गत राजातालाब तीसरी लाइन का प्रावधान। | ₹ 82,87,314.02 | ₹ 1,64,950/- |
| | निविदा फार्म का मूल्य : ₹ 5,000/- | |
| | स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) माह | |
| (4) कार्यपालक इंजीनियर/निर्माण/वाराणसी-III के कार्यालय प्रयोग हेतु एक अद्द जैसे सेवरोलेट टवेरा/इनोवा अथवा समतुल्य किराये का सड़क वाहन। | ₹ 3,98,564.32 | ₹ 7,980/- |
| | निविदा फार्म का मूल्य : ₹ 1,000/- | |
| | स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 12 (बारह) माह | |

निविदा फार्म मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/पूर्वोत्तर रेलवे/गोरखपुर-273012 के कार्यालय से **10.00 बजे** से 13.00 बजे के मध्य निविदा खुलने कि तिथि के एक दिन पूर्व तक खरीदा जा सकता है। निविदा का विवरण उपरोक्त कार्यालय के भूतल पर स्थित निविदा अनुभाग के डब्ल्यू-3 के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। पूर्ण निविदा सूचना, योग्यता माप दण्ड, नियम एवं शर्ते पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट http://www.ner.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

मुजाधि/डब्लू-147 — मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण/गोरखपुर

**यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मोबाइल नं. 09794845955 पर SMS करें।**

"मोबाईल पर बात करते हुए मानव रहित समपार पार न करें"



## पर्यटन निदेशालय, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेश — अद्भुत विरासत-अनूठे अनुभव — उत्तर प्रदेश पर्यटन

सी-13, पर्यटन भवन, विपिन खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ।
दूरभाष: 0522-2309174, फैक्स: 0522-2307095
E-mail: upstdc@up-tourism.com Website: www.uptourism.gov.in

### नीलामी सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पर्यटन निदेशालय, उत्तर प्रदेश द्वारा अधोलिखित निष्प्रयोज्य वाहन की नीलामी **दिनांक 06.08.2015** को **पूर्वान्ह 11.00 बजे** पर्यटन भवन, सी-13, विपिन खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ में की जायेगी।

(1) **वाहन संख्या-यू0पी0 32 आर0 6215 एम्बेसडर कार (पेट्रोल चालित) मॉडल।**

**मुख्य शर्तें :-**

1. वाहन को जहॉ है, जैसा है, के आधार पर नीलाम किया जायेगा।
2. नीलामी में भाग लेने से पूर्व रू. 2,000/- की अर्नेस्ट मनी की धनराशि नगद जमा करनी होगी।
3. नीलामी की उच्चतम बोली स्वीकृत होने के उपरान्त समस्त धनराशि नगद रूप में तत्काल जमा करनी होगी अन्यथा अर्नेस्ट मनी जब्त कर ली जायेगी।
4. समिति द्वारा स्वीकार की गई उच्चतम बोली अन्तिम रूप से तभी स्वीकार की मानी जायेगी जब महानिदेशक पर्यटन, उत्तर प्रदेश द्वारा वह बोली अनुमोदित कर दी जायेगी।
5. समिति को बिना कारण बताये नीलामी को स्थगित करने का अधिकार होगा।
6. निष्पयोज्य वाहन को किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10.00 बजे से 5.00 बजे तक पर्यटन भवन, गोमती नगर, लखनऊ के प्रांगण में देखा जा सकता है।
7. नीलामी की बोली स्वीकृत हो जाने के अधिकतम एक सप्ताह के अन्दर वाहन को उपरोक्त परिसर से हटाना अनिवार्य होगा, अन्यथा रू. 200/- प्रतिदिन की दर से अतिरिक्त किराया चार्ज किया जायेगा।
8. समिति द्वारा स्वीकार की गई अन्तिम बोली को विभागाध्यक्ष द्वारा अन्तिम रूप से अनुमोदित नहीं किया जाता है, तब तक नीलामी की गाड़ी पर चौकसी एवं उसकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उच्चतम बोली बोलने वाले व्यक्ति (Successful bidder) की होगी। गाड़ी उसी परिसर में रहेगी, जहॉ उसकी नीलामी हुई थी।

महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल- दशम (लेसा) मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि., 33/11 केवी उपकेन्द्र पुरनिया अलीगंज, लखनऊ, अल्पकालीन निविदा सूचना** :- अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा प्रतिष्ठित एवं श्रम विभाग में पंजीकृत अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य/ आपूर्ति हेतु अलग-अलग मोहरबन्द निविदा दो भागों में प्रथम भाग में धरोहर धनराशि तथा द्वितीय भाग में दरें, अनुभव तथा नियम एवं शर्तों सहित **दिनांक 04-08-2015** को 14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें किसी भी कार्य दिवस में दिनांक **दिनांक 03-08-2015** को 12.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदायें उसी दिनांक (**04-08-2015**) को 16.00 बजे इच्छुक निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा प्राप्त/ खोली जायेगी। यदि निविदा खुलने की तिथि को अवकाश होता है तो निविदाएं अगले कार्य दिवस को नियत समय पर प्राप्त/ खोली जायेगी। निविदा हेतु धरोहर धनराशि के रूप में एफ.डी.आर./ सी.डी.आर. एवं निविदा शुल्क बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक/ नकद के रूप में अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-बीकेटी, लखनऊ के पक्ष में देय होगी, निविदा शुल्क अप्रतिदेय है। **1. निविदा संख्या-79/ वि0 न0वि0म0- दशम/ 2015-16:-** विद्युत वितरण खण्ड बी0के0टी0 के जमा योजना के अन्तर्गत विभिन्न स्वीकृत पैकेजों के अन्तर्गत लाइन एवं उपकेन्द्र का निर्माण, **धरोहर धनराशि**- रु0 10,000.00, **निविदा शुल्क**- 550.00, **2. निविदा संख्या-80/ वि0 न0वि0म0- दशम/ 2015-16:-** विद्युत नगरीय वितरण खण्ड अहिबरनपुर एवं पुरनिया उपकेन्द्र पर उपकेन्द्र परिचालक की आपूर्ति, **धरोहर धनराशि**- रु0 7,000.00, **निविदा शुल्क**- 550.00, (अ) निविदादाता को आवश्यकतानुसार आयकर प्रमाण-पत्र, धरोहर धनराशि, विद्युत सुरक्षा निदेशालय से प्राप्त 'ए' श्रेणी का प्रमाण-पत्र अनुभव प्रमाण पत्र, आयकर प्रमाण-पत्र, सर्विस टैक्स का पंजीकरण एवं वैट इत्यादि निविदा के प्रथम भाग में प्रस्तुत करनी होगी। (ब) निविदा प्रपत्र निविदा खुलने की तिथि से एक दिन पूर्व बैंक ड्राफ्ट /नगद जमा कर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। (स) निविदादाता अपने प्रस्ताव अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत नगरीय वितरण मण्डल-दशम लेसा लखनऊ कार्यालय में दिनांक **04-08-2015** को 14.00 बजे तक जमा कर सकते हैं। (द) निविदा प्रपत्र मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. की वेबसाइट www.mvvnl.in से डाउनललोड कर मुख्य अभियन्ता, लेसा एवं प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि. 4-ए, गोखले मार्ग, लखनऊ के कार्यालय में भी निविदा खुलने की तिथि से तीन दिन पूर्व तक जमा किए जा सकते हैं। वेबसाइट से डाउनलोड किए गए, मुख्य अभियन्ता अथवा प्रबन्ध निदेशक के कार्यालय में जमा किए गए निविदा प्रपत्रों के सापेक्ष निविदा प्रपत्रों के मूल्य का बैंक ड्राफ्ट निविदा के प्रथम भाग में रखना अनिवार्य होगा। (य) अधोहस्ताक्षरकर्ता को बिना कारण बताये किसी अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार होगा। (अधीक्षण अभियन्ता), वि.न.वि.म.-दशम, लेसा, लखनऊ, पत्रांकः 4368, दिनांकः 23-07-2015 "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" साधारण बल्ब के स्थान पर सी.एफ.एल. का प्रयोग करें। विद्युत चोरी करना संज्ञेय अपराध है।


## कर्मचारी हलचल

### सफाई कर्मचारियों ने दिया धरना

**लखनऊ।** एरियर भुगतान और ग्राम पंचायत अधिकारी भर्ती में 50 फीसदी आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार को उप्र पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने इंदिरा नगर स्थित विकास भवन परिसर में धरना दिया। संघ ने मुख्यमंत्री को संबोधित छह सूत्री मांग पत्र सीडीओ को सौंपा। संघ के प्रदेश महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव ने सफाई कर्मचारियों को ग्राम पंचायत अधिकारी की भर्ती में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग की। संघ के जिलाध्यक्ष बृजभान ने कहा कि सफाई कर्मचारियों के एरियर का भुगतान नहीं किया गया है।

### कमर्शियल ड्यूटी पर होमगार्डों का भत्ता बढ़ा

**लखनऊ।** राज्य सरकार ने कमर्शियल ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड्स जवानों का भत्ता बढ़ा दिया है। विभाग से जारी शासनादेश में कमर्शियल ड्यूटी भत्ते में 10 रुपये प्रतिदिन प्रति होमगार्ड बढ़ाने की मंजूरी दी गई है। यह भत्ता सामान्य ड्यूटी भत्ते के अलावा दिया जाएगा।

### डिविजनल वार्डेन को किया सम्मानित

**लखनऊ।** नागरिक सुरक्षा संगठन की सहायक उप नियंत्रक ममता रानी ने शुक्रवार को गोमतीनगर के डिविजनल वार्डेन महादेव प्रसाद यादव और स्टॉफ अफसर जितेन्द्र सिंह को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। ममता रानी ने खाली पड़े पदों को जल्द भरने की अपील की।

### विभागीय कोटे के बंटवारे को गलत ठहराया

**लखनऊ।** उ.प्र.सचिवालय कम्प्यूटर सहायक और सहायक समीक्षा अधिकारी संघ के उपाध्यक्ष संजीव कुमार सिन्हा ने सहायक समीक्षा अधिकारियों की ज्येष्ठता सूची को लेकर किए गए विभागीय कोटे के बंटवारे को गलत ठहराया है। उन्होंने सहायक समीक्षा अधिकारी के पदों को सीधी भर्ती एवं पदोन्नति के माध्यम से ज्येष्ठता सूची बनाए जाने की मांग की है।

### केंद्रीय भवन में स्वच्छता अभियान

**लखनऊ।** अलीगंज स्थित केंद्रीय भवन में आईटीबीपी के क्षेत्रीय उपमहानिरीक्षक नवीन अरोड़ा के निर्देशन में शुक्रवार को स्वच्छता अभियान का संचालन किया गया। इस दौरान आईटीबीपी जवानों ने भवन स्थित केंद्रीय कार्यालयों, लिफ्ट और सीढ़ियों की सफाई की।

### मुख्य लेखाकार को दिया ज्ञापन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे मजदूर यूनियन ने शुक्रवार को गोरखपुर से आए वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी आरसी राय को कर्मचारियों की समस्याओं से जुड़ा एक ज्ञापन सौंपा। मंडल मंत्री एके वर्मा ने बताया कि उन्होंने मुख्य लेखाधिकारी से मांग की है कि लेखा विभाग लखनऊ मंडल में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की तैनाती जल्द की जाए। साथ ही कर्मचारियों का पदोन्नति आदेश जो कई सालों से लटका हुआ है। उसको शीघ्र जारी किया जाए। इस मौके पर मुख्यालय शाखा मंत्री जहीर अहमद, संयुक्त मंत्री सफदर हुसैन मौजूद थे। कासं